## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

+52.01 ▲ 67,519.00

**Nifty 50 — Top5 Gainers**

| Scrip | Close | %Change |
|---|---|---|
| Indiabulls Housing | 191.45 | 14.03% |
| UPL | 631.75 | 4.51% |
| Hindalco | 497.35 | 4.10% |
| ONGC | 187.90 | 3.87% |
| Indian Oil Corp. | 94.65 | 3.39% |

**Nifty 50 — Top5 Losers**

| Scrip | Close | %Change |
|---|---|---|
| Adani Ports &Special | 849.80 | -1.04% |
| Larsen & Toubro | 2918.60 | -0.87% |
| Hero MotoCorp | 2998.40 | -0.72% |
| JSW Steel | 810.35 | -0.72% |
| TCS | 3560.05 | -0.58% |

## न्यूज कार्नर

### फ्लिपकार्ट के सेलर्स की संख्या 14 लाख के पार पहुंची

**मुंबई, जेएनएन।** अपने सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण से पहले फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक सेलर्स को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं की संख्या में 27 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ यह उपलब्धि देश में विक्रेताओं एवं एमएसएमई के मजबूत हो रहे इकोसिस्टम को दर्शाता है। यह उस भरोसे का प्रमाण है जो अपने व्यवसाय को डिजिटल एवं आधुनिक बनाने बाजार में पहुंच का विस्तार करने और आय में सुधार के लिए उद्यमियों ने जताया है। फ्लिपकार्ट ने बताया कि हम लाखों नई नौकरियाँ पैदा करते हुए डिजिटल अर्थव्यवस्था द्वारा मिलने वाले अवसरों में देशभर के विक्रेताओं की भागीदारी से प्रोत्साहित हैं।

### नवरचना युनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

**वडोदरा, जेएनएन।** स्थानीय क्षेत्र की प्रमुख नवरचना युनिवर्सिटी द्वारा 14 से 16 सितंबर के दौरान मोलेक्यूलर मेडिसीन, रिप्रोडक्शन और एंडोक्रिनोलॉजी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन नवरचना युनिवर्सिटी के बायोमेडिकल और जीवन विज्ञान, स्कूल ऑफ साइंस डिवीजन द्वारा दी सोसाइटी फॉर रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी एंड कम्पेरेटिव एंडोक्रिनोलॉजी के सहयोग से किया गया। इस सम्मेलन ने व्यावसायियों के लिए इन क्षेत्रों में नए इनोवेशन, ट्रेंड, चुनौतियों और सोलुशन प्रस्तुत करने और विचार-विमर्श करने के लिए एक इंटरडिसिप्लिनरी (अंतर्विषयक) मंच प्रदान किया।


### जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस के प्रोजेक्ट से जुड़ीं त्रुति

**मुंबई, जेएनएन।** एक साझेदारी के रूप में जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने प्रतिभाशाली और जानी मानी भारतीय लेखिका, डायरेक्टर और फिल्म प्रोडूसर सुश्री त्रुति अनिंदिता वर्मा को अपने आगामी प्रोजेक्ट वृंदावन के लिए चुना है। यह फिल्म लव, लॉस और सेल्फ डिस्कवरी की एक शानदार यात्रा दिखाएगी जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। वृन्दावन मूवी की डायरेक्टर त्रुति अनिंदिता वर्मा ने कहा मेरे लिए मोहन नादर पहले एक अच्छे मित्र हैं जो वास्तव में भावनाओं को समझते हैं और यह तथ्य है कि उन्होंने इस कहानी पर बहुत काम किया है, उनका यह विश्वास सिनेमा के बारे में बहुत कुछ बताता है।

आम आदमी को मिली बड़ी राहत

# अगस्त महीने में लगातार 5वें महीने माइनस में थोक महंगाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खुदरा महंगाई के बाद देश और सरकार को थोक महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के अनुसार अगस्त में महंगाई जीरो से नीचे ही रही है। यह लगातार 5वां महीना है, जब थोक महंगाई का आंकड़ा माइनस में रहा है। आंकड़ों के अनुसार अगस्त के महीने में थोक महंगाई का आंकड़ा फीसदी देखने को मिला है। जो जुलाई के मुकाबते थोड़ा बढ़ा है। हाल ही में रिटेल महंगाई के आंकड़े भी सामने आए हैं। सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण रिटेल महंगाई 7 फीसदी से नीचे 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। वैसे रिटेल महंगाई अभी भी आरबीआई के टॉलरेंस लेवल से नीचे बनी हुई है। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मुद्रास्फीति दोनों तरफ 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे।




### आरबीआई ने यह लगाया है अनुमान

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीपीआई महंगाई 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जिसमें दूसरी तिमाही के लिए 6.2 फीसदी, तीसरी तिमाही के लिए 5.7 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया है। सरकार मासिक आधार पर प्रत्येक माह की 14 तारीख (या अगले कार्य दिवस) को थोक मूल्यों के सूचकांक आंकड़े प्रकाशित करती है. इंडेक्स नंबर के लिए देश भर के इंस्टीट्यूशनल सोर्स और स्पेशल मैन्युफै. रिंग फैसिलिटी के डाटा का यूज किया जाता है।

### लगातार 5वें महीने माइनस में थोक महंगाई

डिपार्टमेंट फोर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेट के आंकड़ों के अनुसार जुलाई में 1.36 फीसदी की गिरावट के बाद अगस्त में भारत में थोक महंगाई 0.52 कम हो गई है। थोक महंगाई दर के आंकड़ें लगातार पांच महीनों से माइनस में देखने को मिल रहे हैं। रॉयटर्स की ओर से किए गए सर्वे में अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि अगस्त में डब्ल्यूपीआई जीरो से 0.6 फीसदी कम रह सकता है। जून में थोक महंगाई दर (-) 4.12 फीसदी थी, जो मई में (-) 3.48 फीसदी और अप्रैल में (-) 0.79 फीसदी थी।

## कम रहेगा बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ, ग्रॉस एनपीए भी कम होने की उम्मीद : इक्रा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए बाताय कि बैंकों का क्रेडिट ग्रोथ चालू वित्त वर्ष में कम रहेगा। इक्रा के मुताबिक इस वित्त वर्ष क्रेडिट ग्रोथ एक साल पहली की 15.4 प्रतिशत से घटकर 12.1-13.2 प्रतिशत रह जाएगा। इसके अलावा इक्रा ने यह भी कहा कि बैंकों का जीएनपीए यानी ग्रॉस एनपीए जून तिमाही के अंत में 3.7 प्रतिशत से घटकर 2.8-3 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है।




### वित्त वर्ष 24 में ज्यादा डिपॉजिट का अनुमान

इक्रा ने अपने रिपोर्ट में कहा कि इस वित्त वर्ष बैंकों में कुल जमा वृद्धि 9 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। ज्यादा जमा के कारण बैंकों की लाभप्रदता प्रभावित होगी और परिसंपत्तियों पर रिटर्न में मामूली कमी आएगी।

### व्यापक आर्थिक झटकों को लेकर सतर्क

इक्रा ने कहा कि वह संपत्ति की गुणवत्ता पर व्यापक आर्थिक झटकों के असर को लेकर सतर्क है। इक्रा के मुताबिक सरकारी बैंक के साथ-साथ निजी क्षेत्र के बैंक भी पूंजीकरण के मोर्चे पर सहज होंगे, साथ ही सरकार को अपने किसी भी बैंक में पैसा लगाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### यह होता है क्रेडिट ग्रोथ

दरअसल बैंकों का कमाने का सबसे बड़ा जरिया उधार यानी लोन यानी क्रेडिट होता है। बैंक अगर ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा लोन देते हैं तो वो अच्छा माना जाता है क्योंकि उतनी ही ज्यादा ब्याज पर बैंक पैसा कमा सकती है। क्रेडिट ग्रोथ का मतलब बैंकों के लोन देने में वृद्धि होना, यानी लोग ज्यादा लोन ले रहे हैं। सरल भाषा में कहे तो क्रेडिट ग्रोथ का मतलब वह लोन जो बैंक कंपनियों, व्यवसायियों या व्यक्तियों को प्रदान करते हैं। जितने अधिक लोग बैंकों से लोन लेंगे, बैंक क्रेडिट में उतनी ही अधिक वृद्धि होगी।

## सिंगापुर-सऊदी अरब से पैसा जुटाने में जुटे मुकेश अंबानी

**मुंबई, जेएनएन।** एशिया के सबसे अमीर इंसान और उद्योगपति मुकेश अंबानी इन दिनों सिंगापुर से लेकर अबू धाबी और सऊदी अरब तक से पैसे जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। वह रिलायंस रिटेल के लिए निवेशकों से करीब 1.5 अरब डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हाल में रिलायंस रिटेल में इंवेस्ट फर्म केकेआर ने करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। इससे पहले कतर की 'कतर इंवेस्टमेंट अथॉरिटी' (क्यूआईए) ने पिछले महीने रिलायंस रिटेल में 1 अरब डॉलर का निवेश किया का। केकेआर ने तो 8 लाख करोड़ से ज्यादा की कंपनी वैल्यूएशन पर निवेश किया है, ये वैल्यूएशन इसे देश में सबसे ज्यादा मार्केट वैल्यूएशन वाली टॉप-10 कंपनी में शामिल करती है।



### रिलायंस रिटेल को जुटाने हैं 3.5 अरब डॉलर

रिलायंस रिटेल ने कुल 3.5 अरब डॉलर की राशि जुटाने का टारगेट रखा है। कंपनी इसे सितंबर के अंत तक पूरा कर लेना चाहती है। रिलायंस रिटेल में सिंगापुर के जीआईसी, अबूधाबी इंवेस्टमेंट अथॉरिटी और सऊदी अरब के पब्लिक इंवेस्टमेंट फंड का पहले से निवेश है। अब कंपनी इन सभी मौजूदा निवेशकों से और अधिक इंवेस्टमेंट करने के लिए बातचीत कर रही है। रिलायंस चाहती है कि ये तीनों निवेशक उसके रिटेल कारोबार में 50-50 करोड़ डॉलर प्रत्येक जमा करे।

## चीनी बढ़ाएगी टेंशन, उत्पादन में आ सकती है 14 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आने वाले महीनों में महंगाई कम होने के बजाए और बढ़ सकती है। फसल ईयर 2023- 24 में गन्ने के उत्पादन में गिरावट आ सकती है, जिससे चीनी के प्रोडक्शन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। कहा जा रहा है कि देश के शीर्ष गन्ना उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में अगस्त महीने में औसत से काफी कम बारिश हुई है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि चीनी उत्पादन वर्ष 2023-24 में 14 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है, जो अपने चार साल के सबसे कम पर पहुंच जाएगा। एक्सपर्ट का कहना है कि अभी सरकारी भंडार में चीनी का प्रयाप्त स्टॉक है। इससे रिटेल मार्केट में कीमतों पर उतना अधिक असर पड़ने वाला नहीं है। हालांकि, भारत में चीनी का उत्पादन प्रभावित होने से ग्लोबल मार्केट में चीनी महंगी हो जाएगी। यदि फसल वर्ष 2023- 24 में चीनी का उत्पादन कम होता है, महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रित करने के लिए चीनी के निर्यात पर रोक भी लगा सकती है।



**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्र. डब्ल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/बीपीएल/ईएल/टी/2023/03, दिनांक 06.09.2023**
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः स.डि.पु.का., निशातपुरा, भोपाल, पश्चिम मध्य रेल के प्रशासनिक भवन में 2 वर्ष की वारंटी अवधि के साथ सीपीडब्ल्यूडी स्पेसिफिकेशन के अनुसार सभी सहायक उपकरण सहित पिट के निर्माण और साथ में 08 यात्री लिफ्ट 01 नंबर (ग्राउंड+2 मंजिल) (मशीन रुम लेस) का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य। कार्य की लागतः ₹32,90,185.75. निविदा फार्म का मूल्यः** 0.00. **धरोहर राशिः ₹65,800/-. कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह (04 माह)। **निविदा जमा करने की तिथिः** 09.10.2023, 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथिः** 09.10.2023, 15.15 बजे के उपरांत। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
*मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.*
कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

**पश्चिम मध्य रेल**
**गति शक्ति शाखा**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**दिनांकः 14.09.2023**
**उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है, जो उसी दिनांक को 15.30 बजे खोली जायेगी। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। तथा ऐसा कोई मॅन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्याः** DY.CE-GSU-BPL-OT-09-2023, दिनांक 14.09.2023. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः समग्र कार्य (सिविल इलेक्ट्रिकल जनरल मैकेनिकल) जिसमें रखरखाव शेड निरीक्षण बे लाइन शेड वॉशिंग लाइन प्रशासन भवन मौजूदा माइनर ब्रिज का विस्तार निर्माण में मिट्टी का काम आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण और रखरखाव के लिए पी-वे लिंकिंग कार्य आदि शामिल हैं। पश्चिम मध्य रेल पर भोपाल मंडल में संत हिरदाराम नगर भोपाल में वंदे भारत ट्रेन के लिए डिपो। निविदा की अनुमानित लागतः ₹** 92,54,99,946.55. **निविदा की बयाना राशिः ₹** 47,77,500/-. **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः** 30.10.2023.
कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

## गूगल में फिर छंटनी, इस बार सैकड़ों लोगों को दिखाया बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी में से एक गूगल ने फिर से कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट अपनी ग्लोबल रिक्रूटमेंट टीम में से फिर से छंटनी कर रहा है। अल्फाबेट ने बीते कुछ समय से भर्तियों को थोड़ा कम किया हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में कंपनी ने जो सैंकड़ों लेऑफ किए हैं, वो व्यापक पैमाने पर हुई छंटनी का हिस्सा नहीं है। वैसे कंपनी रिक्रूटमेंट में कुछ पोस्ट को बनाए रखेगा ताकि रिक्रूटमेंट प्रोसेस लगातार चलता रहे। इस फैसले के बाद गूगल दुनिया की पहली ऐसी टेक कंपनी बन गई है, जिसने इस तिमाही में लेऑफ किया है।




### 12 हजार लोगों को किया था नौकरी से बाहर

अल्फाबेट ने इससे पहले जनवरी में हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आंकड़ों के अनुसार कंपनी ने 12,000 लोगों की छंटनी की थी। जिसके बाद कंपनी के कुल वर्कफोर्स में 6 फीसदी की कमी आ गई थी। कंपनी के पास 30 जून 1,81,798 कर्मचारी थे। इंप्लॉयमेंट फर्म चैलेंजर, ग्रे एंड क्रिसमस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में नौकरी से निकाले जाने का सिलसिला जुलाई से अगस्त के बीच में गुना बढ़ गया। वहीं एक साल पहले की तुलना में इसमें करीब चार गुना का इजाफा हुआ है। बेरोजगारी में लगभग 9 फीसदी का इजाफा होगा।

**कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला शहडोल (म.प्र.)**
क्र.न.प./निविदा सूचना/2023/1140 — ब्यौहारी, दिनांक 08/09/23
**ई-निविदा सूचना**
नगर परिषद् ब्योहारी द्वारा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेन्डर के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु दरें आमंत्रित की जाती हैं, निविदा प्रपत्र क्रय डाउन लोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाईट http://mptender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद् ब्योहारी से प्राप्त की जा सकती है, निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | टेन्डर आई.डी. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_UAD_307043_1 | Work for Augmentation of water supply system of beohari town under AMRIT -2.0 | 52277000 | 261385 | 20000 | 12 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक - 13.09.2023 के प्रातः 10.30 बजे से 14.10.2023 को सायं 05:30 बजे तक वेबसाईट मे ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय एवं वेबसाइट http://mptender.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा की समस्त शर्तों निविदा प्रपत्र अनुसार होगी, सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्यौहारी
जिला-शहडोल (म. प्र.)

### लंदन स्थित ओल्ड वॉर ऑफिस में खुलेगा हिंदुजा ग्रुप का लग्जरी होटल

**मुंबई, जेएनएन।** अरबों डॉलर के कारोबार वाले और 109 साल पुराने बहुराष्ट्रीय समूह, हिंदुजा ग्रुप ने ब्रिटेन के द्वितीय विश्व युद्ध के समय के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के ओल्ड वॉर ऑफिस (ओडब्ल्यूओ) को होटल के रूप में फिर से चालू करने के लिए विश्व प्रसिद्ध रैफल्स होटल एंड रिसॉर्ट्स के साथ सहयोग किया। लंदन के बीचोबीच स्थित इस ब्रांड-न्यू लग्जरी होटल का 26 सितंबर को उद्घाटन किया जाएगा। प्रोजेक्ट की निगरानी करने वाले संजय हिंदुजा ने कहा, जब हम व्हाइटहॉल आए, तो टीम इस राजसी भवन के आकार और सुंदरता को देखकर दंग रह गई।

### आरजू ने गोस्टोर डॉट कॉम को किया लांच

**मुंबई, जेएनएन।** आरजू ने गोस्टोर डॉट कॉम लांच करके ऑनलाइन और आफॅलाइन उपभोक्ताओं को एक नया मंच प्रदान किया है। इससे घरेलू उपकरणों की ऑनलाइन बिक्री के साथ-साथ 30 हजार से अधिक ऑफलाइन रिटेल दुकानदारों को फायदा होगा। त्योहारों के सीजन में इस प्लेटफार्म के माध्यम खरीदारों और ऑफलाइन रिटेल दुकानदारों के बीच के संबंध को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। गोस्टोर ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे घरेलू उपकरणों की खरीदारी के अनुभव को शानदार बनाने के लिए ही डिजाइन किया गया है। यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को सही उत्पाद के चुनाव के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से विशेषज्ञ सहायता भी प्रदान करता है।

### सीपी कुकरेजा आर्कीटेक्ट्स ने बनाया स्टैच्यु ऑफ वननैस

**ओमकारेश्वर, जेएनएन।** देश के बेहतरीन आर्कीटेक्ट्स सीपी कुकरेजा आर्कीटेक्ट्स की ओर से द स्टैच्यु ऑफ वननैस ओमकारेश्वर में पवित्र नर्मदा नदी के तट पर एक बड़ी उपलब्धि के स्वागत के लिए तैयार है। इस परियोजना की अवधारणा आदिशंकराचार्य के जीवन एवं दर्शन को सम्मानित करने के लिए की गई है यह महान संत की उत्कृष्ट कृति ब्रह्मसूत्रभाश्य पर टिप्पणी के प्रति श्रद्धांजली है जिसमें हिंदु धर्म के वेदांता स्कूल एवं एकजुटता की अवधारणा का मौलिक पाठ है जिसका प्रचार आदिशंकराचार्य ने किया था। सीपी कुकरेजा आर्कीटेक्ट्स के मैनेजिंग प्रिंसिपल दीक्षु कुकरेजा जिन्होंने इस परियोजना की अवधारणा पेश की।

### एथर 450 एस कर रहा है इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य की शुरुआत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तेजी से लोकप्रिय होते इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एथर एनर्जी इनोवेशन लाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एथर का नया इलेक्ट्रिक स्कूटर, एथर 450 एस सीमाओं का विस्तार करने, शहरी आवागमन में परिवर्तन लाने और पारंपरिक 125 सीसी स्कूटरों के मुक़ाबले बेहतर क्षमताएँ प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एथर 450 एस अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, स्मार्ट फीचर्स और उन्नत सुरक्षा के साथ परफ़ॉर्मेंस स्कूटर्स के बारे में हमारी सोच बदल देगा। एथर 450 एस एक इनोवेटिव इलेक्ट्रिक स्कूटर है जो इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग के मानक बदलने के लिए तैयार है।

### मल्टी-लेयर्ड एसेपटिक पैकेजिंग की रिसाइक्लेबिलिटी पर रिपोर्ट जारी

**नोएडा, जेएनएन।** यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी ने प्लास्टिक पैकेजिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (पीपीआरडीसी) द्वारा आयोजित विशेष गोलमेज सम्मेलन में मल्टी-लेयर्ड एसेप्टिक पैकेजिंग की रीसाइक्लेबिलिटी पर एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट का अनावरण भारत सरकार के रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग के संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा और डीजी-सिपेट प्रोफेसर (डॉ.) शिशिर सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी ने कहा, हम स्वच्छ भारत को लेकर सरकार की पहल का स्वागत करते हैं क्योंकि यह स्वच्छ पृथ्वी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बादाम को शीर्ष स्नैकिंग विकल्प के रूप में चुना गया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 24 जनवरी से 6 फरवरी 2023 के बीच कैलिफोर्निया के बादाम बोर्ड द्वारा यूगॉव सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण ने जहां भारत में बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला, वहीं इन स्वास्थ्य समस्याओं से लड़ने के लिए अपनाई जाने वाली कुछ प्रमुख रणनीतियों का भी खुलासा किया, जैसे संतुलित आहार का सेवन, व्यायाम और हैल्दी नाश्ता। स्वस्थ स्नैकिंग श्रेणी में एक उल्लेखनीय जिक्र बादाम का था। सर्वेक्षण में, बादाम को अपने मजबूत पोषण प्रोफाइल, विशेष रूप से प्रोटीन और फाइबर की अधिकता और इसके विभिन्न स्वास्थ्य लाभों के कारण सबसे पसंदीदा स्वस्थ स्नैकिंग विकल्प पाया गया।

### एसोसिएशन ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया की एनुअल नेशनल कांफ्रेंस

**इंदौर, जेएनएन।** एसोसिएशन ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया की 46वीं एनुअल नेशनल कांफ्रेंस 2023 का आयोजन इंदौर में होने जा रहा है। 29 सितंबर से 1अक्टूबर 2023 तक होने वाली यह कांफ्रेंस एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई) इंदौर सिटी चैप्टर के सहयोग से इंदौर की जीआई प्रोक्टो सर्जन सोसाइटी द्वारा आयोजित हो रही है। कांफ्रेंस में कोलन और रेक्टल सर्जरी के क्षेत्र के देश भर से करीब 600 विशेषज्ञ सर्जन मौजूद रहेंगें। कांफ्रेंस में देश और विदेश (सिंगापुर, इटली, पुर्तगाल एवं वेनेजुएला) की फैकल्टी इस कांग्रेस को संबोधित करेंगी।

### आदित्य बिड़ला समूह बिरला ओपस नाम से पेंट व्यवसाय की करेगा शुरुआत

**मुंबई, जेएनएन।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पेंट्स व्यवसाय के लिए ब्रांड के नाम बिरला ओपस की घोषणा की। बिड़ला ओपस को वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही तक बाजार में लॉन्च करने की योजना है। ग्रासिम डेकोरेटिव पेंट्स के सेगमेंट में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की एक पूरी श्रृंखला पेश करेगा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, डेकोरेटिव पेंट में हमारा प्रवेश एक स्ट्रेटेजिक पोर्टफोलियो चॉइस है जो हमें इस तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रवेश करने और भारतीय उपभोक्ताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सक्षम बनाता है।

**कार्यालय नगर परिषद् गैरतगंज, जिला - रायसेन**
क्र./ 2023 ई-निविदा/625, 626, 627 — गैरतगंज 08/09/2023
**// निविदा सूचना //**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें लम्पसम/प्रतिशत दर आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. नम्बर/टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 625 Date 08.09.2023 2023_UAD_307232_1 | Work of Augmentation of Water Supply System of Gairatganj town under AMRUT 2.0 | 1. 12 माह 2. 211.60 लाख | 1.15000/- 2. 105800/- | 13.10.2023 |
| 2 | 626 Date 08.09.2023 2023_UAD_307418_1 | एस.डी.एम.एफ. योजनान्तर्गत विभिन्न वार्डों में नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य | 1. 12 माह 2. 241.71 लाख | 1.15000/- 2. 121000/- | 23.09.2023 |
| 2 | 627 Date 08.09.2023 2023_UAD_307562_1 | REJUVENATION OF GAIRATGANJ SCHEME TEKAPAR TALAB UNDER AMRUT 2.0 | 1. 6 माह 2.16.28 लाख | 1.2000/- 2. 12210/- | 13.10.2023 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् गैरतगंज
जिला रायसेन (म.प्र.)